तापमान

अधिकतम 34.0 डिग्री

न्यूनतम 22.0 डिग्री

हरिभूमि

# रतन भूमि

रायपुर, मंगलवार 7 अप्रैल 2026



11 फिल्टर हाउस में वाटर कूलर का शुभारंभ





12 भाजपा स्थापना दिवस पर मैनपुर में रैली निकाल झंडा...






## खबर संक्षेप

### विधायक इंद्रकुमार आज नवापारा में

**नवापारा-राजिम।** छग पेंशनर समाज के 13वें स्थापना दिवस एवं नवनिर्वाचित अध्यक्ष एवं पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह आज 7 अप्रेल मंगलवार को पेंशनर समाज भवन खोलीपारा में रखा गया है। समारोह के मुख्य अतिथि विधायक इंद्रकुमार साहू होंगे। अध्यक्षता छग पेंशनर समाज के प्रांताध्यक्ष चेतन भारती करेंगे।



प्रमुख अतिथि के रूप में नगरपालिका अध्यक्ष ओमकुमारी-संजय साहू होगी। अति विशिष्ट अतिथि के रूप में राईस मिल एसोसिएशन के अध्यक्ष गिरधारी अग्रवाल, विशेष अतिथि के रूप में राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के प्रांत सह कार्यवाह गोपाल यादव, छग पेंशनर समाज तह. राजिम के अध्यक्ष बैशाखूराम साहू, से.नि. प्राचार्य प्रफुल्ल दुबे, पेंशनर समाज के संरक्षक पवन गुरूपंच, पेंशनर समाज अभनपुर के तह. अध्यक्ष अनुज साहू मौजूद रहेंगे। कार्यक्रम सुबह 10:30 बजे से 2:30 बजे तक होगा जिसमें संघ के संघ के अध्यक्ष रविशंकर साहू, संरक्षक झब्बुलाल देवांगन, सचिव हरिराम साहू, महामंत्री भरोसी राम साहू, कोषाध्यक्ष मेघनाथ यादव, श्रीराम सोन, कुलंजन साहू, वरिष्ठ उपाध्यक्ष मनहरण लाल वर्मा, शिवकुमार तिवारी, संजय बंडलकर, यशवंत साहू, त्रिवेणी साहू, संतोष साहू सहित पूरे पेंशनर्स समाज के लोग मौजूद रहेंगे।

### नालियों में कचरा न डाले, तभी सुंदर व स्वच्छ बनेगा छुरा : अध्यक्ष

**छुरा।** हल्की बारिश के बाद नगर के कई वार्डों में जलभराव और नालियों का गंदा पानी सड़कों तक आने की स्थिति ने नगरवासियों की चिंता बढ़ा दी है। नगर पंचायत अध्यक्ष के नेतृत्व में सफाई अमला लगातार व्यवस्था सुधारने में जुटा है, लेकिन समस्या की एक बड़ी वजह कुछ नागरिकों द्वारा नालियों में डिस्पोजल, पॉलिथिन, झिल्ली, घरेलू कचरा तथा निर्माण सामग्री डालना भी सामने आया है।



नगर पंचायत से मिली जानकारी के अनुसार कई स्थानों पर नालियों के ऊपर स्लैब, अस्थायी निर्माण और भवन सामग्री रखे जाने से पानी की निकासी बाधित हो रही है। बार-बार अपील और जागरूकता के बावजूद कुछ लोग नालियों को कूड़ादान की तरह उपयोग कर रहे हैं, जिसके कारण हल्की बारिश में भी पानी ओवरफ्लो होकर सड़कों और घरों तक पहुंच रहा है।

अध्यक्ष लुकेश्वरी निषाद ने कहा कि नगर पंचायत अपना दायित्व पूरी ईमानदारी से निभा रही है, अब समय है कि नगरवासी भी साथ देकर नगर को स्वच्छ बनाने में सहभागिता निभाएं। नगर पंचायत ने सभी नागरिकों से अपील की है कि वे डिस्पोजल, प्लास्टिक, झिल्ली, सीमेंट-मलबा और घरेलू कचरा नालियों में न डालें।

### सड़क किनारे खड़ी कार को इनोवा ने मारी टक्कर

**महासमुंद।** ग्राम खरोरा में सड़क किनारे खड़ी एक कार को इनोवा कार ने टक्कर मारकर क्षतिग्रस्त कर दिया। रिपोर्ट पर आरोपी वाहन चालक के विरूद्ध जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस को वेंकटेश चंद्राकर पिता विनोद चंद्राकर ने बताया कि वह कार क्रमांक सीजी 04 एमएन 8888 से 05 अप्रैल को रात करीब 07.45 बजे बजे ग्राम खरोरा चाय दुकान गया था। उसने अपनी कार को रोड के किनारे खड़ी किया था। इसी दौरान महासमुंद की ओर से आ रही कार टोयोटा ईनोवा क्रमांक सीजी 04 डीसी 7861 के चालक ने अपने वाहन को तेज एवं लापरवाही पूर्वक चलाते हुए उसके वाहन को पीछे से टक्कर मार दिया, जिससे कार पेड़ से टकराकर क्षतिग्रस्त हो गई।

# दो आश्रमों के अधीक्षक हटाए गए, छात्र की मौत के मामले की जांच जारी

## प्रशासन के दखल के बाद मैनपुर में चक्काजाम स्थगित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

गरियाबंद जिले के आदिवासी विकासखण्ड मैनपुर अंतर्गत बड़ेगोबरा बालक आश्रम में अध्यनरत छात्र राघव मंडावी की मौत के मामले मे तत्कालीन अधीक्षक राकेश साहू पर कार्यवाही की मांग के साथ ही पीड़ित परिवार को मुआवजा और मंडल संयोजक पद से हटाए जाने के बाद दो आश्रमों में अधीक्षक दुर्गाप्रसाद यादव द्वारा आदिवासी समाज के नेताओं को मोबाइल में अपशब्द कहे जाने के साथ ही धमकी देने के मामले को लेकर आदिवासी एवं क्षेत्र के सर्व समाज द्वारा 07 अप्रैल दिन मंगलवार को नेशनल हाइवे 130 सी मैनपुर देवभोग गरियाबंद मार्ग मे बुढादेव मंदिर के पास चक्काजाम करने की चेतावनी दिया गया था और इस मामले को लेकर पूर्व मे भी चक्काजाम किया जा चुका था लेकिन कल मंगलवार को अनिश्चितकालीन चक्काजाम की चेतावनी के बाद गरियाबंद एडिशनल एसपी धीरेन्द्र पटेल एवं अपर कलेक्टर पंकज डहरे सोमवार को सुबह 11 बजे मैनपुर पहुंचे और आंदोलन चक्काजाम करने वाले क्षेत्र के वरिष्ठ जनप्रतिनिधियों समाज प्रमुखों एवं पीड़ित के परिजनों की बैठक लेकर उन्हे पूरा भरोसा दिलाया साथ ही समझाइस दी कि इस मामले में जिला प्रशासन द्वारा कार्यवाही किया जा रहा है साथ ही तत्कालीन अधीक्षक राकेश साहू के खिलाफ जांच कमेटी गठन किया गया है जो रिपोर्ट सौपने के बाद आगे की कार्यवाही की ▶▶|शेष पेज 10 पर



### चक्काजाम स्थगित, अब एफआईआर की मांग

इस संबंध में जनपद सदस्य सुकचंद ध्रुव ने बताया कि जिला अफसरों के द्वारा कार्यवाही किए जाने की आश्वासन एवं आश्रम अधीक्षक दुर्गाप्रसाद यादव को दोनों स्थानों से हटाने के बाद कल 07 अप्रैल को होने वाला चक्काजाम स्थगित कर दिया गया है साथ ही उन्होने कहा की इस मामले को लेकर आदिवासी समाज की बैठक आयोजित किया गया है साथ ही अब इस मामले में एफआईआर करने की मांग करेंगे।


## मौसम : बिजली के खंभे धराशायी, सैकड़ों गांवों में विद्युत व्यवस्था चरमराई

# बिजली गिरने से एक युवक की मौत ओलावृष्टि से जनजीवन अस्त-व्यस्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

आदिवासी विकासखण्ड मैनपुर क्षेत्र मे पिछले दो दिनो मौसम का मिजाज बदल गया है। तेज आंधी-तूफान ओलावृष्टि ने जमकर कहर मचाई है तो वहीं एक दर्जन से ज्यादा बिजली के खंभे जगह-जगह टूट गए हैं। नेशनल हाइवे सहित अन्य मार्गो में बड़े-बड़े वृक्ष के गिर जाने से सड़क में घंटों जाम लगा रहा और तो और आकाशीय बिजली गिरने से मैनपुर ब्लॉक के कुण्डेरापानी में एक युवक की मौत हो गई और चार युवक को चोट लगी है। मिली जानकारी के अनुसार मैनपुर विकासखण्ड क्षेत्र में रविवार दोपहर के बाद तेज आंधी- तूफान और कई जगह जमकर ओलावृष्टि हुआ है। मुड़ागांव ग्राम पंचायत के आश्रित ग्राम कुण्डेरापानी में एक दर्दनाक घटना सामने आई है। ग्राम के एक दर्जन युवक क्रिकेट खेलकर लौट रहे थे कि तेज आंधी- तूफान और बारिश के कारण खेत में बने लारी में रूक गए। थोड़ा पानी थमने पर वहां से युवक घर की तरफ दौड़े इस दौरान आकाशीय बिजली गिरने से 35 वर्षीय देवानंद मांझी की दर्दनाक मौत हो गई, इसकी जानकारी लगते ही भारी भीड़ लग गई। वहीं चार अन्य युवक को बिजली के झटके लगे हैं जिसमें युवको को आंख के सामने चमक और कान में अजीब सा आवाज आने की जानकारी मिली है जिनका उपचार मे किया जा रहा है।





### बिजली आपूर्ति घंटों बाधित

मैनपुर अमलीपदर क्षेत्र में तेज-आंधी तूफान के चलते कई ग्रामों में बिजली के खंभे टूटकर हवा में उछल गए जिसके कारण घंटों बिजली व्यवस्था बाधित रहा। दूसरे दिन सोमवार को भी मैनपुर सहित क्षेत्र के कई ग्रामों में बारिश और ओलावृष्टि के चलते जहां बिजली व्यवस्था चरमरा गई है। वहीं दूसरी ओर बिजली कर्मचारी अधिकारी जान जोखिम में डालकर बिजली व्यवस्था में सुधार के लिए लगे हुए है।



### रीपा सेंटर का शेड और कई घरों के छप्पर उड़े

तेज आंधी-तूफान के चलते कई मकानों के छप्पर उड़ गए तो खपरैल और ईंट निर्माण करने वाले लोग परेशान हो गए हैं। वहीं अमलीपदर में करोड़ो रूपये की लागत से निर्माण किए गए शासन की रीपा सेंटर योजना के छप्पर हवा में उड़ गए हैं। गांव जाने वाले मार्ग सहित नेशनल हाइवे 130 सी मैनपुर गरियाबंद देवभोग मार्ग में जगह-जगह वृक्ष गिर जाने से आवागमन भी बाधित रहा है। कई वाहन चालक परेशान होते रहे, स्वयं वृक्षों को हटाकर गन्तव्य की बढ़े।





# ओडिशा बॉर्डर पर छापेमारी, लाखों रुपए का कीमती सागौन बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व मे महिला वन परिक्षेत्र अधिकारी ज्योति ध्रुव ने पदभार संभालते ही सागौन माफियाओ पर शिकंजा कसने के लिए मुस्तैदी के साथ दबिश देते हुए सागौन माफिया पर कड़ा प्रहार किया है। सीमा पारकर तस्कर भंड़ाफोड़ किया उदंती सीतानदी टायगर रिजर्व एंटी पोचिंग यूनिट को प्राप्त गोपनीय के आधार पर उदंती सीतानदी टायगर रिजर्व गरियाबंद के सीमा मे लगे उडीसा राज्य के ग्राम फुटानाड़ा एवं बुड्रापारा मे भी ग्राम सोनपुर डीएनके की तरह छत्तीसगढ़ की जंगल से सागौन वृक्षों की अवैध कटाई कर फर्नीचर बनाया जा रहा है। उदंती सीतानदी टायगर रिजर्व उपनिदेशक वरूण जैन एवं वनमंडलाधिकारी नवरंगपुर उड़ीसा सुभेन्दु प्रसाद बेहरा के कुशल मार्गदर्शन में छत्तीसगढ़ एवं उड़ीसा राज्य की संयुक्त टीम गठन कर ग्राम फुटानाडा निवासी मनबोध पिता कपूरचंद माली और ग्राम बुड्रापारा मनमथ पिता लक्ष्मीधर चौधरी के घर एवं बाडी का सर्च वारंट जारी कर विधिवत तलाशी लिया गया। मनबोध माली के घर एवं बाड़ी से सागौन का फर्नीचर, सागौन का स्लीपर, सागौन का फारा एवं अन्य बढ़ाई गिरी सामाग्री जप्त किया गया। 04 अप्रैल की रात्रि को फरार आरोपी मनबोध पिता कपुरचंद माली को ग्राम हिरापुर उमरकोट से पकड़कर छत्तीसगढ़ लाया गया है उदंती सीतानदी टायगर रिजर्व गरियाबंद छत्तीसगढ़ के कोर एरिया से सागौन वृक्षों की अवैध कटाई करने का मौका स्थल का सिनाख्त वन अमला के द्वारा करवाया गया एवं 6 अप्रैल को विवेचना अधिकारी धर्मेन्द्र सिंह सोनवानी वनपाल के द्वारा वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम 1972 की धारा 27,29,31,51,52 एवं छ.ग. व्यापार विनियमन अधिनियम 1969 की धारा 5 (1) ग के तहत गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट गरियाबंद के समक्ष प्रस्तुत किया गया, न्यायालय के आदेश के उपरांत 14 दिन के रिमांड पर ▶▶|शेष पेज 10 पर

# ग्रामीणों की सजगता से बची हिरण की जान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुड़ागांव (कोरासी)

पाण्डुका वन परिक्षेत्र अंतर्गत ग्राम जुनवानी में सोमवार सुबह एक हिरण चारा-पानी की तलाश में गांव की ओर आ गया। गांव में प्रवेश करते ही पालतू कुत्तों ने उसे दौड़ा लिया और शिकार बनाने लगे। हिरण ने बचने की कोशिश की, लेकिन आसपास खेतों में लगी रबी फसल के चारों ओर लगे कांटेदार तार में फंस गया, जिससे वह और भी असहाय हो गया। इसी दौरान ग्रामीणों की नजर हिरण पर पड़ी। उन्होंने तत्परता दिखाते हुए कुत्तों को भगाया और हिरण को सुरक्षित बचाया। घटना की सूचना तुरंत वन विभाग को दी गई। सूचना मिलते ही वन विभाग के अधिकारी मौके पर पहुंचे और पशु चिकित्सा अधिकारी को बुलाकर हिरण का उपचार कराया गया। हिरण को प्राथमिक उपचार के साथ रेबीज का इंजेक्शन लगाया गया। पशु चिकित्सा अधिकारी द्वारा उपचार के बाद वन विभाग के कर्मचारी घनश्याम साहू (बीड गार्ड) को हिरण के पूर्णतः स्वस्थ होने तक उसे सुरक्षित क्वार्टर में रखने के निर्देश दिए गए। वर्तमान में हिरण जुनवानी स्थित बीट गार्ड के क्वार्टर में सुरक्षित रखा गया है। स्वस्थ होने के बाद उसे पुनः सुरक्षित रूप से जंगल में छोड़ दिया जाएगा। ग्रामीणों की सजगता और वन विभाग की तत्परता से एक वन्यजीव की जान बचाई जा सकी, जो सराहनीय पहल है।



# फिंगेश्वर में 15 किशोरियों का हुआ टीकाकरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला गरियाबंद डॉ. यूएस नवरत्न के निर्देशन तथा जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. बीबारा व खण्ड चिकित्सा अधिकारी डॉ.स्नेहलता हुमने के मार्गदर्शन में भारत सरकार के नियमित टीकाकरण कार्यक्रम अंतर्गत सर्वाइकल कैसर से बचाव के लिए सोमवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र राजिम व फिंगेश्वर में एचपीवी टीकाकरण अभियान की शुरूआत की गई। जिसमें 14 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुकी किशोरियों को एचपीवी वैक्सीन लगाकर जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। आज कुल 15 किशोरियों को एचपीवी वैक्सीन लगाई गई।टीका लगाये जाने के बाद इन सभी लाभार्थियों को 30 मिनट तक निगरानी कक्ष में रखा गया। खण्ड चिकित्सा अधिकारी डॉ.स्नेहलता हुमने ने बताया कि विकासखण्ड में कुल 1900 किशोरियों की टीकाकरण का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। यह वैक्सीन सर्वाइकल कैसर (गर्भाशय ग्रीवा कैंसर) की रोकथाम में अत्यंत प्रभावी है और किशोरियों के स्वास्थ्य संरक्षण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। पात्रता के अनुसार किशोरियाँ टीकाकरण के लिए चयनित होगी जिन्होने अपना 14वॉं जन्मदिन मना लिया हो, लेकिन 15वॉं जन्मदिन न मनाया हो। ऐसे किशोरिया एचपीवी वैक्सीनेशन के लिये पात्र होगी। इसके लिए आधारकार्ड, अन्य पहचान पत्र व अभिभावक द्वारा हस्ताक्षरित सहमति प्रमाण पत्र आवश्यक है। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र राजिम ▶▶|शेष पेज 10 पर





## यादव ठेठवार महासभा का वार्षिक महाधिवेशन

# छात्रों का किराया भरेगी सरकार : मंत्री गजेंद्र यादव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

यादव ठेठवार महासभा छत्तीसगढ़ मुख्यालय राजिम में रविवार को वार्षिक महाधिवेशन हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में छत्तीसगढ़ शासन के कैबिनेट मंत्री गजेन्द्र यादव शामिल हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता गुलेन्द्र यादव ने की, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में राजिम नगर पालिका अध्यक्ष महेश यादव थे। इस अवसर पर मंत्री श्री यादव ने समाज के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए कहा कि सामाजिक सहयोग से ही उन्हें प्रदेश की सेवा का अवसर मिला है। समाज की मांग पर उन्होंने छात्रावास निर्माण हेतु नगर पालिका अध्यक्ष को तत्काल आधा से एक एकड़ शासकीय भूमि का प्रस्ताव एवं नक्शा तैयार कर भेजने के निर्देश दिए। छात्रों को बड़ी राहत देते हुए मंत्री ने घोषणा की कि जब तक छात्रावास निर्मित नहीं हो जाते, तब तक उच्च शिक्षा प्राप्त कर रहे छात्रों के कमरे का किराया छत्तीसगढ़ शासन वहन करेगा। उन्होंने शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं को हर व्यक्ति तक पहुँचाने पर जोर दिया।



*__प्रतिभाओं और समाजसेवियों का सम्मान-__ महाधिवेशन का शुभारंभ भगवान श्रीकृष्ण के ध्वज पूजन, शंख ध्वनि और श्रीराधा-कृष्ण मंदिर में भव्य आरती के साथ हुआ। इस अवसर पर समाज के प्रतिभावान छात्र-छात्राओं और उत्कृष्ट कार्य करने वाले समाजसेवियों को पारंपरिक पीला गमछा और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया।*

*__संगठनात्मक मजबूती पर चर्चा-__ कार्यक्रम के दौरान समाज प्रमुखों की एक महत्वपूर्ण बैठक भी आयोजित की गई। इसमें संगठन को और अधिक मजबूत बनाने, सामाजिक कुरीतियों को दूर करने और आगामी सामाजिक चुनाव समय पर संपन्न कराने का निर्णय लिया गया। मंत्री ने सभी कार्यकर्ताओं से शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुँचाने की अपील की।*

# मंत्री रामविचार नेताम 30 अप्रैल को मैनपुर प्रवास पर



हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

मैनपुर विकासखण्ड क्षेत्र के आदिवासी समाज के वरिष्ठजन सोमवार को राजधानी रायपुर पहुंचकर आदिम जाति और अनुसूचित जाति विकास पिछड़ा वर्ग एंव अल्प संख्यक विकास तथा पशुधन एवं कृशि विकास मंत्री रामविचार मंत्री से मूलाकात किया और उन्हे मैनपुर आने का निमंत्रण दिया। मंत्री रामविचार नेताम ने आमंत्रण को सहर्श स्वीकार करते हुए 30 अप्रैल को मैनपुर आने की बात कही है। इस दौरान अखिल भारतीय अमात गोड़ समाज द्वारा मैनपुर मे नवनिर्मित समाजिक भवन का मंत्री द्वारा उद्घाटन किया जायेगा इसके पश्चात आदिवासी ध्रुव समाज के जिला ▶▶|शेष पेज 10 पर

**खबर संक्षेप**



### रामायण प्रतियोगिता में शामिल हुए राकेश

**महासमुंद।** ग्राम छपोराडीह में छत्तीसगढ़ राज्य रामायण प्रतियोगिता में समापन समारोह में मुख्य अतिथि आम आदमी पार्टी के जिलाध्यक्ष राकेश झाबक ने हिस्सा लिया। अपने उद्बोधन में कहा कि भगवान राम की तरह सच्चे, ईमानदार और कर्तव्यनिष्ठ गांव का प्रत्येक व्यक्ति बने। उन्होंने ग्रामवासियों के सम्मान की कामना करते हुए गांववासियों की सुख समृद्धि और उन्नति मांगी।



### खरोरा में तीन दिवसीय सतग्रंथ समारोह आज से

**महासमुंद।** ग्राम खरोरा में सतनामी समाज के तत्वावधान में अखंड तीन दिवसीय सतग्रंथ सम्मेलन का आयोजन 7 अप्रैल से 10 अप्रैल तक किया जाएगा। इसे लेकर सोमवार को सतनामी समाज के लोग तैयारी में जुटे हुए हैं। अंजोर दास, चोवाराम पटेला, बलदाऊ पुरैना, भूपेश पटेला, रवि सूर्यवंश, ब्रिजेश कोसरे आदि तैयारी में लगे हैं।



### रामायण सम्मेलन में प्रथम रही दुर्गेश मानस मंडली बागबाहरा

**महासमुंद।** ग्राम खरोरा में पांच दिवसीय अखंड रामायण सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमें 50 मानस मंडली ने अपनी प्रस्तुति दी। इसमें प्रथम पुरस्कार दुर्गेश मानस मंडली बागबाहरा, द्वितीय मानस मंडली खपरी बलौदा बाजार, तृतीय शोर संदेश नंद कुमार साहू खैरझिटी, चतुर्थ जय मां शाकंभरी सेदंर गरियाबंद, पंचम पुरस्कार मानस मंडली बिरकोनी को दिया गया। इस अवसर पर अध्यक्ष किशन, उपाध्यक्ष मुकेश, सचिव परमानंद, सह सचिव संतोषी, कोषाध्यक्ष लता कलिंद्री, कुमारी बाई, मोतीलाल, गजाधर, सभी उपस्थित रहे।

### मुख्यमंत्री अजा एवं जजा विद्यार्थी उत्कर्ष योजना के लिए 23 तक प्रस्ताव आमंत्रित

**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ शासन द्वारा संचालित मुख्यमंत्री अनुसूचित जाति तथा जनजाति विद्यार्थी उत्कर्ष योजना (पूर्व में जवाहर उत्कर्ष योजना) के अंतर्गत अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति वर्ग के ग्रामीण प्रतिभावान विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने विद्यार्थियों को बेहतर कैरियर चयन के अवसर प्रदान करते हुए उन्हें प्रतिस्पर्धी बनाना तथा उनके बहुमुखी व्यक्तित्व का विकास करना है।

**आयोजन :** सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ खल्लारी मेला महोत्सव का समापन, बड़ी संख्या में पहुंचे लोग

# महोत्सव में क्षेत्रीय कलाकारों ने दिखाई अपनी कला

हरिभूमि न्यूज ▸▸| खल्लारी

ऐतिहासिक धार्मिक दैवीय माता तीर्थ

- दर्शकों की भारी भीड़ में चार दिन तक चले सांस्कृतिक कार्यक्रमों में प्रदेश और क्षेत्रीय कलाकारों ने दिखाई अपनी कला
- व्यवस्था और सुरक्षा पुख्ता, पुलिस और ग्राम पंचायत की सतर्कता के बीच श्रद्धालुओं ने शांतिपूर्ण रूप से किया दर्शन

स्थल खल्लारी में आयोजित चैत्र पूर्णिमा मेला देखने दूर-दूर से लोग भारी संख्या में पहुंच थे। इस वर्ष की ऐतिहातिहक भीड़ ने विगत कई वर्षों के रिकार्ड को तोड़ दिया है। वहीं इस बीच शांतिपूर्ण रूप से मेला का आयोजन हुआ। मेले के दौरान पहाड़ा वाली खल्लारी मातेश्वरी और माता राऊर स्थित खल्लारी मातेश्वरी के दर्शन के लिए भी श्रद्धालु भक्तों की जबरदस्त भीड़ यहां मंदिर में भी उमड़ी।

बता दें कि जनपद पंचायत बागबाहरा द्वारा आयोजित खल्लारी मेला का समापन सांस्कृतिक कार्यक्रमों की मनमोहक प्रस्तुति के साथ हुआ। समापन में प्रदेश एवं क्षेत्रीय कलाकारों ने सांस्कृतिक छटा बिखेरी। मुख्य अतिथि खल्लारी के उपसरपंच तारेश साहू, अति विशिष्ट अतिथि पूर्व सहायक वन परिक्षेत्र अधिकारी भरतलाल साहू, अध्यक्षता खल्लारी मातेश्वरी मंदिर ट्रस्ट के उपाध्यक्ष डेमनराज पनुरिया, विशेष अतिथि पंचायत प्रतिनिधि पंच भुनेश्वर सिन्हा, देवेंद्र दीवान, खल्लारी मंदिर ट्रस्ट के सदस्य करण निर्मलकर, वरिष्ठ ग्रामीण पूर्व शिक्षक कैलाश चंद्राकर, लोक कला मंच सोला सिंगार के लोक गायक निजाम दीवान कन्हारपुरिया आदि थे।

इस मौके पर उपसरपंच तारेश ने कहा कि छत्तीसगढ़ ही नहीं देश में भी खल्लारी का अलग पहचान है। मां खल्लारी की कृपा व आशीर्वाद, गांव व हम सब लोगों के साथ ही साथ प्रदेश व देशवासियों पर भी है। महोत्सव में छत्तीसगढ़ एवं क्षेत्रीय लोक कलाकारों की रंगारंग प्रस्तुति ने जो समा बांध रखा है, वह हमारी सांस्कृतिक कला व कलाकारों के प्रति आत्मीयता को प्रदर्शित करता है।




**महोत्सव में लोक कलाकारों ने बिखेरी सांस्कृतिक छटा**

खल्लारी मेला महोत्सव में लोक कला संस्कृति से जुड़े विविध सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन 2 से 5 अप्रैल तक हुआ। चारों दिन देर रात तक सांस्कृतिक कार्यक्रमों की छटा बिखरी। 2 अप्रैल को मोर संगवारी लोक मंच महासमुंद, लोक गुंजन सांस्कृतिक लोक कला मंच बागबाहरा, 3 को मुस्कान साहू स्टार नाइट रायपुर, रंग छत्तीसा लोक मंच (पूनम विराट तिवारी) राजनांदगांव, 4 को भीम म्यूजिकल ग्रुप पटेवा, हमर धरोहर सांस्कृतिक लोक कला मंच रायपुर, 5 अप्रैल को अभनपुर के चिन्हा सांस्कृतिक लोक मंच, मोर मयारू किसान कौसरा तेंदूकोना ने अपनी प्रस्तुति दी।

इस बार महोत्सव को चार दिनों के लिए आयोजित करने में जनपद पंचायत बागबाहरा के अध्यक्ष केशव नायकराम चंद्राकर, उपाध्यक्ष तरूण व्यवहार, स्थानीय जनपद सदस्य भूमिका सिन्हा, बागबाहरा जनपद सीईओ एमएल मरावी सहित समस्त जनपद सदस्यों व सभापतियों, ग्राम पंचायत खल्लारी के सरपंच पुष्पेंद्र साहू व सभी पंचों के अलावा पूर्व सरपंच रामलाल सिन्हा, रिंकु चंद्राकर, जनपद अध्यक्ष के प्रतिनिधि मनीष अग्रवाल, पिछड़ा वर्ग कांग्रेस के जिला महामंत्री जितेंद्र कुमार सिन्हा, भोज यादव, हेमंत यदु पंचायत सचिव राजकुमार कठौलिया, जनपद के प्रशासनिक अधिकारी व कर्मचारियों व खल्लारी ग्रामीण, क्षेत्रवासियों का सराहनीय योगदान से आयोजन सफल रहा है। उपसरपंच तारेश ने मंच के माध्यम से खल्लारी में उपमुख्यमंत्री अरूण साव द्वारा सड़क निर्माण के लिए किए ऐतिहासिक घोषणा की प्रशंसा की। कार्यक्रम को अन्य अतिथियों ने भी संबोधित किया। संचालन वैष्णव समाज के जिला कोषाध्यक्ष रमनदास वैष्णव व अंत में आभार व्यक्त देवेंद्र दीवान ने किया।

### मेले में व्यवस्था व सुरक्षा के लिए पुख्ता इंतजाम

चैत्र पूर्णिमा मेला के दौरान खल्लारी में दर्शनार्थी एवं श्रध्दालुओं की सुरक्षा और मेले में शांति व्यवस्था के लिए स्थानीय ग्राम पंचायत खल्लारी व जनपद पंचायत बागबाहरा के प्रतिनिधियों सहित खल्लारी पुलिस के जवान अपने विभाग के आला अधिकारियों के साथ विशेष रूप से उपस्थित रहे। पुलिस विभाग ने इस बार भी खल्लारी में लगे भीड़ को शांतिपूर्ण रूप से व्यवस्थित किया।

## राजिम में समर्थन मूल्य पर दलहन-तिलहन की खरीदी शुरू

हरिभूमि न्यूज ▸▸| राजिम

राजिम तहसील के अंतर्गत प्रधानमंत्री आसाय योजना के अंतर्गत दलहन ,तिलहन फसल की समर्थन मूल्य पर राजिम समिति में सोमवार को खरीदी की गई जिसका शुभारंभ संस्था के प्राधिकृत अधिकारी जितेंद्र सोनकर के द्वारा किया गया। श्री सोनकर ने इस संबंध में प्रदेश सरकार की भूरि भूरि प्रशंसा करते हुए किसानों के हित में निर्णय लेने वाला सरकार बताया है। इस योजना के अंतर्गत सरसों, चना और मसूर की खरीदी की जाएगी। आज विभिन्न किसानों से समिति के प्रांगण में ढाई क्विंटल सरसों की खरीदी की गई। सरसों का समर्थन मूल्य 6200, मसुर 7000 एवं चना 5875 रुपया निर्धारित है। दलहन तिलहन के अंतर्गत किसानों से सरसों, चना और मसूर खरीदी किया जाना है। राजिम संस्था में आज कृषि विभाग के ग्रामीण की विस्तार अधिकारी नोडल अधिकारी हरीश पांडे, कृषि ग्रामीण विस्तार अधिकारी कुमारी श्वेता साहू, समिति के प्रभारी प्रबंधक अमृतलाल साहू, लोकनाथ साहू, मनीराम पटेल, लेखराम साहू, अमन सोनकर सहित सभी कर्मचारी अधिकारी उपस्थित थे।



## छुरा में कांग्रेस का संगठन सृजन अभियान तेज, नवनियुक्त पदाधिकारी सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▸▸| छुरा

केन्द्र और राज्य कॉंग्रेस पार्टी के निर्देशानुसार तथ जिला और ब्लाक कांग्रेस पार्टी के मार्ग दिशानुसार इन दिनों संगठन सृजन कार्यक्रम चरम पर है। प्रथम चरण में जिला कॉंग्रेस कमेटी का गठन किया वही दूसरे चरण मे ब्लांक कॉंग्रेस कमेटी गठन तथा तीसरे चरण में संगठन सृजन कार्यक्रम में मंडल और सेक्टर पदाधिकारियों की नियुक्ति कर संगठन का विस्तार किया गया।और अब बूथ और पंचायत स्तर पर संगठनात्मक कार्य जोरो पर है।बता दे की विकास खंड छूरा को छः मंडलों मे विभक्त किया गया है। पहला मंडल छुरा अध्यक्ष नीलकंक सिंह ठाकुर, दूसरा मंडल पाण्डुका अध्यक्ष विक्रमादित्य साहू, तिसरा मंडल घाटखाल्हे अध्यक्ष केवल साहू, चौथा मंडल रसेला अध्यक्ष बिगेन्द्र ठाकुर, पांचवा मंडल कोसमी-चरौदा अध्यक्ष चेतन ठाकुर तथा छटवां मंडल खड़मा-मडेली अध्यक्ष गजेन्द्र सिंह ठाकुर का गठन कर नियुक्ति पत्र देकर फूल-माला, श्रीफल व पार्टी के गमछा पहना कर मुख्य अतिथि प्रथम पंचायत मंत्री अमितेश शुक्ल, जिलाध्यक्ष सुखचंद बेसरा, ब्लॉक अध्यक्ष महेश्वरी शाह के करकमलों द्वारा सम्मानित किया गया। सभी मंडलों में 3 से 4 सेक्टरों मे विभक्त किया गया है। प्रत्येक बुथ में 14-14 तथा पंचायतों में 12-12 पदाधिकारियों की नियुक्ति की जा रही है। इसी सृजन कार्यक्रम में कांग्रेस मंडल छुरा के अध्यक्ष नीलकंठ सिंह ठाकुर व मंडल प्रभारी हरि राम सिन्हा ने अपने तय सीमा में उत्कृष्ठ कार्य कर मंडल संगठनात्मक सृजन कार्यक्रम में अग्रणी भूमिका निभाने के कारण प्रभारी श्री सिंहा, मंडल अध्यक्ष श्री ठाकुर जी के पार्टी हित मे तन, मन, धन से शक्ति, सार्मथ्य और समर्पण के साथ उत्कृष्ठ कार्य के लिए सम्मानित किया गया। प्रशासनीक महामंत्री हरिश यादव को पार्टी संगठन दस्तावेज सौपा गया। पार्टी के ब्लांक पदाधिकारी, वरिष्ठ जन, मंडल, सेक्टर के सभी पदाधिकारियों ने सफलता के लिए बधाईया दी प्रभारी हरि सिन्हा, मंडल अध्यक्ष नीलकंठ सिंह ठाकुर ने सभी कार्यकर्ताओं को आभार व्यक्त किया।



## मारवाड़ी युवा मंच का शपथ ग्रहण समारोह



हरिभूमि न्यूज ▸▸| बसना

मारवाड़ी युवा मंच उन्नति शाखा के नवीन कार्यकाल के लिए आयोजित शपथ ग्रहण समारोह हुआ। इस अवसर पर उन्नति के संरक्षक रीना अग्रवाल ने अध्यक्ष पूनम अग्रवाल, सचिव कंचन अग्रवाल एवं कोषाध्यक्ष संध्या अग्रवाल को मंच सेवा के प्रति सच्ची निष्ठा, समर्पण एवं कर्तव्यपरायणता की शपथ दिलाई। शपथ ग्रहण उपरांत नवगठित टीम को विधिवत पदभार सौंपा गया निवृतमान अध्यक्ष शालिनी, सचिव श्वेता एवं कोषाध्यक्ष सपना एंड टीम ने साल भर शानदार कार्य किए है। निवृतमान अध्यक्ष शालिनी अग्रवाल ने नए टीम का मार्गदर्शन एवं सहयोग देने की बात की। वर्तमान अध्यक्ष ने मारवाड़ी युवा मंच उन्नति ने शाखा को नई ऊंचाइयों में लेने जाने का विश्वास व्यक्त किया। समारोह में शाखा के वरिष्ठ सदस्य रीना अग्रवाल, संगीता अग्रवाल, पिंकी अग्रवाल, ममता अग्रवाल, श्वेता अग्रवाल, पार्षद एवं वरिष्ठ सदस्य विनीता अग्रवाल, निवृतमान अध्यक्ष शालिनी अग्रवाल, सचिव श्वेता अग्रवाल, कोषाध्यक्ष सपना अग्रवाल, वर्तमान उपाध्यक्ष नैना अग्रवाल, सहसचिव स्नेहा अग्रवाल, नन्ही मुस्कान शाखा संयोजक साक्षी अग्रवाल, सांस्कृतिक कार्यक्रम शाखा संयोजक नेहा अग्रवाल, अमृतधारा शाखा संयोजक नेहा अग्रवाल एवं रिंशु मौजूद थी।

## मिशन गांव चलो में कांग्रेस ने किया पंचायत व बूथ कमेटियों का गठन



हरिभूमि न्यूज ▸▸| पिथौरा (ग्रामीण)

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के मिशन गांव चलो अभियान के तहत संगठन को जमीनी स्तर पर और अधिक सशक्त बनाने की दिशा में पंचायत एवं बूथ कमेटियों के गठन की प्रक्रिया तेज़ी से जारी है। इसी कड़ी में कौहाकुडा सेक्टर के अंतर्गत ग्राम पंचायत ठाकुरदिया खुर्द एवं ग्राम पंचायत अरंड में कांग्रेस कार्यकर्ताओं की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई।

प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज के निर्देशानुसार तथा महासमुंद जिला अध्यक्ष एवं खल्लारी विधायक द्वारकाधीश यादव, ब्लॉक अध्यक्ष करण सिंह दीवान के मार्गदर्शन में मंडल अध्यक्ष घनश्याम धांधी एवं सेक्टर प्रभारी देवराज शाह ठाकुर द्वारा बैठक ली गई। बैठक में गांव के सक्रिय कांग्रेस कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारियाँ सौंपते हुए बूथ कमेटी एवं पंचायत कमेटी का विधिवत गठन किया गया।

खल्लारी विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत ठाकुरदिया खुर्द और अरंड पंचायतों में गठित इन कमेटियों के माध्यम से संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने पर जोर दिया गया। नेताओं ने कार्यकर्ताओं से आगामी कार्यक्रमों में सक्रिय भागीदारी निभाने और पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया।

इस अवसर पर ठाकुरदिया खुर्द के पूर्व सरपंच एवं वरिष्ठ कांग्रेसी पंचराम कुंवर, महिला कांग्रेस की सक्रिय नेता आरती नायक, टीकाराम सिक्या, अशोक नायक, चैती बाई नायक, मोहन लाल बरिहा, भागीरथी नायक, भरत साहू सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

**पेज 9 के शेष...**

### दो आश्रमों के ...

जायेगी। साथ ही पीड़ित परिवार को मुआवजा देने के लिए जिला प्रशासन द्वारा प्रयास किया जा रहा है एवं दो स्थानों पर आश्रम अधीक्षक दुर्गाप्रसाद यादव को आदिवासी बालक आश्रम छिन्दौला एवं पोस्ट मैट्रिक आदिवासी बालक छात्रवास मैनपुर दोनों जगह आश्रम अधीक्षक पद से तत्काल हटाने का आदेश सहायक आयुक्त आदिवासी विकास गरियाबंद द्वारा आज 06 अप्रैल 2026 को तत्काल जारी किया गया और जिला अफसरो द्वारा समझाइस दी गई कि इस मामले मे पूरी गंभीरता के साथ कार्यवाही किया जायेगा जिसके बाद कल 07 अप्रैल को नेशनल हाइवे 130 सी में चक्काजाम स्थगित कर दिया गया है। इस मौके पर जिला पंचायत सदस्य लोकेश्वरी नेताम, जनपद सदस्य सुकचंद ध्रुव, जनपद सदस्य प्रताप मरकाम, नैनसिंग नेताम, अशोक ध्रुव, राधेश्याम, मंशाराम कुंजाम, भुनेश्वर ध्रुव, केसर ध्रुव, नकछेड़ा ध्रुव एवं तहसीलदार, एसडीओपी पुलिस मैनपुर एवं स्थानीय अधिकारी कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

### ओडिशा बॉर्डर पर...

जिला जेल गरियाबंद में निरुध्द किया गया। इस कार्यवाही में छत्तीसगढ़ एवं उड़ीसा राज्य के संयुक्त टीम वनअमला एवं गरियाबंद एवं नबरंगपुर (ओडिशा) पुलिस का विशेष योगदान रहा। एस.डी.ओ गोपाल कश्यप, एस.डी.ओ भोपाल सिंह राजपूत, रेंजर सुशिल सागर, रेंजर कपदमी चौधरी, रेंजर चन्द्रबली ध्रुव, रेंजर ज्योति ध्रुव, वन रक्षक पामेश्वरी, ललिता मरकाम, ऋषि ध्रुव, ओम प्रकाश राव, राकेश मार्कंडेय, मनोज ध्रुव, अनूप जांगडे, भूपेंद्र भेड़िया, वीरेंदर ध्रुव, चुरामन धृतलहरे, जानकी बाई का अहम्-योगदान रहा।

### फिगेंश्वर में 15...

व फिंगेश्वर में यह टीकाकरण नियमित रूप से जारी रहेगा। शुभारंभ कार्यक्रम में विशेष रूप से नगर पंचायत अध्यक्ष राजेन्द्र धनराज सूर्यवंशी फिंगेश्वर, नगर पंचायत उपाध्यक्ष पूर्णिमा राजिम, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष जगदीश यदु, पूर्व किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष मनीष हरित, भाजपा मंडल अध्यक्ष मंजूलता हरित, महिला मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष संतोषी, भाजपा जिला कार्यकारणि सदस्य ज्योति राजपूत, भाजपा कार्यकर्ता भुनेश्वरी साहू, लक्ष्मी जिला मिडिया प्रभारी लक्ष्मी श्रीवास्तव, चांदनी कश्यप, भाजपा मंडल कोशाध्यक्ष वीना निषाद की उपस्थिति में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में अतिथियों ने अपने उद्बोधन में भारत सरकार का महत्वपूर्ण टीकाकरण अभियान बताया। इसे जनजन तक पहुंचाने में भरपूर सहयोग करने की बात कही है।कार्यक्रम में स्वागत उद्बोधन प्रभारी चिकित्सा अधिकारी फिंगेश्वर डॉ.विपिन कुमार लहरे के द्वारा किया गया।कार्यक्रम का संचालन व आभार प्रदर्शन बीईटीओ योगेश पराना ने किया। विभाग से डॉ. विपिन कुमार लहरे प्रभारी चिकित्सा अधिकारी फिंगेश्वर सौरभ विरमानी बीपीएम, योगेश पराना बीईटीओ, पर्यवेक्षक आशा पोद्दार, धरमवती वर्मा शेषराव भोजने, संतोष निषाद, राधा सोनी, रमेश साहू, कुलदीप साहू, देवेन्द्र शर्मा तेजन साहू, अशोक साहू, जागेश्वर ध्रुव, चित्ररेखा ध्रुव आरएचओ सुधा नायक, सत्यवती दिवाकर, मंजू वर्मा, नेत्र सहायक अधिकारी योगानंद चक्रधारी कोल्डचौन हैंडलर अमरचंद साहू, बीएएम घनश्याम साहू, ऑपरेटर भेखराम साहू, प्रिंयाशु सेन, देवनरायण ध्रुव, दुष्यंत वर्मा, कौशिल्या ध्रुव का विशेष सहयोग रहा।

### मंत्री रामविचार...

स्तरीय सम्मेलन मे मुख्य अतिथि के रूप मे शामिल होंगे। इस मौके पर बिन्द्रानवागढ़ विधायक जनक ध्रुव, गुजरात कमलेश, महेन्द्र नेताम, पन्नालाल ध्रुव, खेदु नेगी, टीकमसिंह कपिल, गुमान ठाकुर, सियाराम ठाकुर, नोकेलाल ध्रुव, हरिशचंद नेगी, प्रेमसाय जगत, सुखराम नागेश, महेन्द्र फरस, रामे"वर कपिल, गेंदु यादव एवं बड़ी संख्या मे आदिवासी समाज के लोग उपस्थित थे।

## जल कलश यात्रा के साथ 5 कुंडीय गायत्री महायज्ञ का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▸▸| महासमुंद

अखिल विश्व गायत्री परिवार द्वारा जन्म शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में संचालित साधना एवं यज्ञीय कार्यक्रमों के अंतर्गत ग्राम लाफिनखुर्द में जल कलश यात्रा के साथ 5 कुंडीय गायत्री महायज्ञ का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम के प्रथम दिवस जल कलश यात्रा निकाली गई तथा सायंकाल युगऋषि के संदेश के साथ विराट दीप यज्ञ का आयोजन किया गया। दीप यज्ञ के माध्यम से दीपक की भांति स्वयं प्रकाशित होकर अज्ञान रूपी अंधकार को दूर करने का संदेश दिया गया।

द्वितीय दिवस प्रातः 10 बजे युग संगीत के साथ देव आह्वान का क्रम प्रारंभ हुआ। पश्चात 5 कुंडीय गायत्री महायज्ञ हुआ। इस अवसर पर लगभग 120 श्रद्धालुओं ने भाग लेकर आहुति समर्पित की। यज्ञ तीन पालियों में हुआ। कार्यक्रम के दौरान 4 बच्चों राजू विश्वकर्मा, उमेश साहू, मानस साहू एवं गुणाक्षी का विद्यारंभ संस्कार भी कराया गया।





गायत्री शक्ति पीठ महासमुंद से पधारी ब्रह्मवादिनी की टोली की प्रमुख पूर्णिमा साहू ने प्राचीन ऋषि परंपरा एवं यज्ञ संस्कारों का महत्व बताते हुए कहा कि भारतीय संस्कृति के दो प्रमुख आधार यज्ञ और गायत्री है। आज इसे घर-घर पहुंचाने की आवश्यकता है। उन्होंने गायत्री मंत्र के नियमित जप से मानसिक शांति एवं सद्बुद्धि प्राप्त होने की बात कही। मनोरमा साहू ने बलि वैश्व के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि प्रत्येक परिवार को देव परिवार बनाने के लिए इस परंपरा का पालन आवश्यक है। उन्होंने गृहस्थ जीवन में दैनिक यज्ञ की सरल विधि भी समझाई और नियमित रूप से प्रत्येक घरों में इसे करने के लिए निवेदन किए। कार्यक्रम के अंत में पूर्णिमा साहू द्वारा उपस्थित जनसमूह को सत्संकल्प पाठ कराया गया तथा ग्राम पंचायत लाफिन खुर्द के लिए उपस्थित पंचों को सत्संकल्प पाठ का फेम भेंट किया गया। महायज्ञ की पूर्णाहुति एवं शांति पाठ के पश्चात सभी को भोजन प्रसाद का वितरण किया गया। उपरांत देव शक्तियों की शोभायात्रा (बारात) निकालकर पूरे गांव में भ्रमण कराया गया। यह आयोजन श्रीराम प्रभात फेरी एवं यज्ञ समिति द्वारा ग्रामवासियों के सहयोग से सफलतापूर्वक हुआ। कार्यक्रम में शिवकुमार कन्नौजे, हेमलाल सेन, हेमलाल साहू, लोकनाथ साहू, यशवंत साहू, फागूराम, रामायण, संतराम, बेनी ध्रुव, एवन, धर्मेंद्र ध्रुव सहित अनेक ग्रामीणों का विशेष योगदान रहा।

## खबर संक्षेप



### विधायक ने एंबुलेंस को दिखाई हरी झंडी

**मैनपुर।** जिले के मैनपुर विकासखण्ड वनांचल क्षेत्र के ग्रामीणो को अस्पताल तक इलाज के लिए लाने के लिए नई एंबुलेंस संजीवनी 108 राज्य सरकार द्वारा मैनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र को दिया गया है। सोमवार को बिन्द्रानवागढ़ विधायक जनक ध्रुव ने पूजा अर्चना कर हरी झंडी दिखाकर एंबुलेंस को रवाना किया। उन्होने कहा की स्वास्थ्य सुविधा के क्षेत्र में वनांचल क्षेत्र के लोगों को यह एंबुलेंस सुविधा का बेहद लाभ मिलेगा। इस मौके पर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष रामकृष्ण ध्रुव, महामंत्री गेंदु यादव, जाकिर रजा, तनवीर राजपूत, निहाल नेताम, डोमार साहू, डॉ. गजेन्द्र ध्रुव व बड़ी संख्या में स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी उपस्थित थे।

### चरौदा में मनाया गया स्थापना दिवस



**छुईहा बेलर।** भाजपा स्थापना दिवस पर ग्राम चरौदा में बूथ-अध्यक्ष अनिल सिन्हा, अभय सिन्हा के नेतृत्व में कार्यक्रम हुआ। सभा में भाजपा कार्यकर्ता वक्ता ललीत सिन्हा ने 1980 से अब तक पार्टी की गतिविधियों, जन-कल्याण योजनाओं व देश-विकास में योगदान पर चर्चा की। उन्होंने संगठन-विस्तार, ग्रामीण सड़क-बिजली-स्वास्थ्य अभियानों और सामाजिक-समरसता प्रयासों को रेखांकित किया। स्थानीय पदाधिकारियों ने आगामी चुनाव-तैयारी और बूथ-स्तरीय संपर्क-अभियान तेज़ करने का संकल्प लिया। इस मोके पर सहकारी समिति प्राधिकृत अधिकारी इतवारी सिन्हा, सरपंच गजानंद साहू, अनिल सिन्हा, अभय सिन्हा, ललीत सिन्हा, भागवत सिन्हा, उपसरपंच सुरज पटेल, गिरधर सेन, राधेश्याम साहू, डंकु सिन्हा, गणेश ध्रुव, अनुज साहू, उपस्थित थे।

### पिथौरा में गुमास्ता पंजीयन के लिए शिविर 10 को

**महासमुंद।** पिथौरा नगर के छोटे-बड़े व्यापारियों को गुमास्ता पंजीयन में आ रही समस्याओं के समाधान के लिए 10 अप्रैल 2026 को नगर पंचायत परिसर पिथौरा में शिविर का आयोजन किया जाएगा। यह पहल वार्ड क्रमांक 11 पिथौरा निवासी मनमीत सिंह छाबड़ा द्वारा कलेक्टर जनदर्शन में प्रस्तुत आवेदन के आधार पर की गई है। उन्होंने अपने आवेदन में नगर के व्यापारियों को गुमास्ता बनवाने में हो रही कठिनाइयों को दूर करने के लिए विशेष शिविर आयोजित करने का अनुरोध किया था। आवेदन पर संज्ञान लेते हुए शीघ्र कार्रवाई की गई और नगर पंचायत परिसर में शिविर आयोजित करने का निर्णय लिया गया है, ताकि अधिक से अधिक व्यापारी इसका लाभ उठा सकें।

## विधायक सहित दिग्गज नेताओं ने घरों पर फहराया कमल ध्वज...



राजिम। भारतीय जनता पार्टी के 47वें स्थापना दिवस पर विधायक रोहित साहू, पूर्व विधायक संतोष उपाध्याय, जिला महामंत्री चंद्रशेखर साहू, नवापारा नगर पालिका अध्यक्ष ओमकुमारी-संजय साहू, प्रदेश कार्यसमिति की सदस्य योगिता सिन्हा सहित सभी भाजपा कार्यकर्ताओं ने अपने घरो में कमल का झंडा लहराया।

### सुविधा : ग्रामीणों को बारिश के दिनों में उफनती नदी और टापू जैसी स्थिति से मिल जाएगी मुक्ति

# तीन दशक का इंतजार खत्म, मैनपुरकला में 6 करोड़ की लागत से उच्च स्तरीय पुल तैयार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

अब करोड़ो रूपये की लागत से उच्च स्तरीय पुल निर्माण कार्य पूर्ण हो जाने से आदिवासी विकासखण्ड क्षेत्र के मैनपुरकला सहित एक दर्जन गांव पाराटोला के ग्रामीणों को बारिश के दिनों में परेशानियों का सामना नहीं करना पड़ेगा और स्कूल बच्चे आसानी से पढ़ाई करने मैनपुर मुख्यालय तक पहुंच पाएंगे साथ ही गांव व क्षेत्र में अन्य विकास कार्य तेजी से होंगे। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के सुशासन में ग्रामीण क्षेत्रों की कनेक्टिविटी को मजबूत करने लगभग 6 करोड़ से भी अधिक की लागत से पुल का निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है जिससे ग्रामीणों में भारी उत्साह देखने को मिल रहा है और ग्रामीणों ने इसके लिए छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के प्रति आभार व्यक्त करते हुए मांग किया है कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के हाथो इस करोड़ों के पुल का शुभारंभ किया जाए तो इस क्षेत्र मे और भी विकास कार्य होंगे। बहरहाल क्षेत्र के लोगो ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं राज्य सरकार के प्रति आभार व्यक्त किया है।

**पुल निर्माण के लिए 30 वर्ष से ग्रामीणों ने किए कई बार चक्काजाम-** मैनपुर से महज 03 किमी दूर मैनपुरकला नदी में पुल निर्माण की मांग तीन दशक पुराना है यहां वर्शो पहले लोक निर्माण विभाग द्वारा छोटा सा रपटा का निर्माण किया गया था लेकिन वह रपटा वर्श 2007 में भारी बारिश टूटकर बह गया जिसके बाद से यह मार्ग में आवागमन अवरूद्ध हो गया जहां एक ओर ग्रामीण विभिन्न परेशानियो को झेलते हुए जान की बाजी लगाकर उफनते नदी पार करने मजबुर हो रहे थे। वहीं स्कूल में पढ़ाई करने वाले छात्र- छात्राएं जान जोखिम में डालकर नदी पारकर मैनपुर हाईस्कूल पढ़ाई करने आने मजबुर हो रहे थे और तो और पुराना रपटा टूटने के कारण नदी 20 फीट गहरी हो गई जिसके कारण मरीजो को अस्पताल तक लाने में भारी परेशानियो का सामना करना पड़ रहा था। गांव तक संजीवनी एक्सप्रेस 108 एवं एंबुलेंस भी आपातकालीन स्थिति में नही पहुंच पाती। गर्भवती महिलाओ को अस्पताल तक पहुंचाने मे भारी परेशानियो का सामना करना पड़ रहा था लेकिन अब पुल निर्माण हो जाने से सभी समस्याओ का आसानी से समाधान हो गया है। इस पुल निर्माण के लिए ग्रामीणो ने कई बार चक्काजाम धरना प्रदर्शन आंदोलन किये लेकिन अब मार्च 2026 मे पुल निर्माण कार्य पूरी तरह पूर्ण हो चुका है।

**सुशासन में मिली विकास की सौगात-** मैनपुरकला पंचायत क्षेत्र के ग्रामीणों ने नदी में पुल निर्माण के लिए लंबे संघर्ष किया है। यहां के पूरे ग्रामीण कई बार धरना प्रदर्शन, आंदोलन, चक्काजाम किये तब कही जाकर यहां पुल निर्माण की स्वीकृति मिली बावजूद इसके निर्माण कार्य अटक गया और निर्माण कार्य लटका रहा और छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार आने के बाद मुख्यमंत्री विष्णुदेव के सुशासन में फिर एक बार पुल निर्माण कार्य आदेश 15 जनवरी 2025 को होने के बाद एक वर्ष के भीतर पुल निर्माण कार्य बहुत तेजगति से किया गया जिसके चलते पुल निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है। ग्राम पंचायत के सरपंच गज्जु नेगी, उपसरपंच सुधीर ठाकुर, सियाराम ठाकुर, डोमार, गौकरण, टीकम यादव, सजन सिंग, तनवीर राजपूत, चैनुराम नागेश एवं ग्रामीणों ने बताया पुल निर्माण के लिए ग्रामीणों ने लंबी लड़ाई लड़ी है तब जाकर उन्हे यह पुल का सौगात मिल रहा है ग्रामीणो मे पुल निर्माण से खुशी देखने को मिल रही है।





#### पुल उद्घाटन के लिए मुख्यमंत्री को आमंत्रित करेंगे : चंद्राकर

भाजपा जिला अध्यक्ष अनिल चंद्राकर ने कहा की मुख्यमंत्री विष्णुदेव के नेतृत्व में पूरे प्रदेश मे तेजी से विकास कार्य हो रहे है मैनपुरकला पुल निर्माण से ग्रामीणो में भारी उत्साह है और ग्रामीणों के मंशा अनुसार राज्य सरकार को अवगत कराया जायेगा निि"चत रूप से मुख्यमंत्री के आगमन से क्षेत्र मे और विकास कार्यो की सौगाते मिलेगी। श्री चंद्राकर ने कहा राजापड़ाव गौरगांव क्षेत्र में वर्षों पुराने पुल पुलिया निर्माण की मांग पर भाजपा सरकार ने करोड़ों रूपये के पुल पुलिया की स्वीकृति दिया है।

### छह मंदिरों के जीर्णोद्धार के लिए 26.50 लाख रुपए स्वीकृत

**राजिम।** विधायक रोहित साहू के विशेष प्रयासों के फलस्वरूप क्षेत्र के ग्राम तर्रा, अरंड, बोरसी, चरौदा, तरीघाट और बिनौरी में स्थित प्राचीन एवं श्रद्धा के केंद्र छह मंदिरों के जीर्णोद्धार कार्य के लिए कुल 26.50 लाख रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। इस निर्णय से क्षेत्र के ग्रामीणों और स्थानीय श्रद्धालुओं में हर्ष व्याप्त है। क्योंकि लंबे समय से इन मंदिरों के मरम्मत और सौंदर्यीकरण की आवश्यकता महसूस की जा रही थी। विधायक रोहित साहू की पहल पर शासन द्वारा जिन गांवों के मंदिरों को जीर्णोद्धार कार्य की स्वीकृति मिली है उनमें ग्राम तर्रा में मौलीमाता मंदिर जीर्णोद्धार कार्य हेतु 4.74 लाख रुपए, ग्राम अरंड में शीतला माता मंदिर जीर्णोद्धार कार्य हेतु 4.97 लाख रुपए, ग्राम बोरसी में राधाकृष्ण मंदिर जीर्णोद्धार कार्य हेतु 2.82 लाख रुपए, ग्राम तरीघाट में शीतला मंदिर जीर्णोद्धार कार्य हेतु 4.52 लाख रुपए , ग्राम चरौदा में शीतला मंदिर जीर्णोद्धार के लिए 4.558 लाख रुपए तथा ग्राम बिनौरी में शीतला माता मंदिर जीर्णोद्धार कार्य के लिए 4.90 लाख रुपए की स्वीकृति शामिल है। विधायक रोहित साहू ने इस स्वीकृति पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि राजिम क्षेत्र भक्ति और शक्ति की भूमि है। यहां के ग्रामीण अंचलों में स्थित शीतला माता, मौली माता और राधाकृष्ण मंदिर जन-जन की आस्था के केंद्र हैं। इन मंदिरों के जीर्णोद्धार से भवनों की स्थिति सुधरेगी तथा यहाँ आने वाले श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएँ भी मिल सकेंगी। स्वीकृति मिलने के बाद ग्राम तर्रा, अरंड, बोरसी, तरीघाट, चरौदा और बिनौरी के ग्रामीणों ने विधायक रोहित साहू का आभार व्यक्त किया है। ग्रामीणों का कहना है कि विधायक बनने के बाद से ही श्री साहू क्षेत्र के धार्मिक स्थलों और मूलभूत सुविधाओं के विकास के लिए निरंतर सक्रिय हैं।



## फिल्टर हाउस में वाटर कूलर का शुभारंभ

**नवापारा-राजिम।** भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस के अवसर पर नगर पालिका परिषद गोबरा-नवापारा द्वारा कर्मचारी हित में एक सराहनीय पहल की गई है। भीषण गर्मी को देखते हुए नगर के नल घर (फिल्टर हाउस) में कार्यरत कर्मचारियों की सुविधा के लिए पालिका अध्यक्ष ओमकुमारी संजय साहू द्वारा वाटर कूलर का लोकार्पण किया गया। नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती साहू ने विधिवत फीता काटकर वाटर कूलर का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि स्थापना दिवस सेवा का संकल्प लेने का दिन है। फिल्टर हाउस में दिन-रात मेहनत करने वाले कर्मचारियों को शुद्ध और ठंडा पेयजल उपलब्ध कराना हमारी प्राथमिकता है, ताकि उन्हें कार्य के दौरान राहत मिल सके। कार्यक्रम के दौरान नगर पालिका उपाध्यक्ष भूपेंद्र सोनी, सभापति सचिन सचदेव और पार्षद प्रतिनिधि धीरज साहू विशेष रूप से उपस्थित रहे। अतिथियों ने कर्मचारियों के साथ चर्चा की और उनके कार्यों की सराहना की। शुभारंभ अवसर पर मुख्य नगर पालिका अधिकारी लवकेश पैकरा, नल घर प्रभारी रोशन साहू सहित नगर पालिका के समस्त कर्मचारी और तकनीकी स्टाफ उपस्थित थे। कर्मचारियों ने इस सुविधा के लिए पालिका परिषद और अध्यक्ष के प्रति आभार व्यक्त किया।



## नन्हे रोजेदारों का सम्मान, जिले में 130 से अधिक बच्चों को किया गया पुरस्कृत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

छत्तीसगढ़ आल मुस्लिम वेलफेयर फाउंडेशन के तत्वाधान में नगर के मुस्लिम जमातखाना में नन्हे रोजेदारों के हौसला अफजाई के लिए सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में नगर सहित आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में बच्चे एवं उनके पालक शामिल हुए। रविवार 5 अप्रैल को सुबह 11 बजे आयोजित इस कार्यक्रम में उन बच्चों को सम्मानित किया गया, जिन्होंने पवित्र रमज़ान माह में रोजे रखे थे। छत्तीसगढ़ आल मुस्लिम वेलफेयर फाउंडेशन के रायपुर संभाग अध्यक्ष मोहम्मद असलम अशरफी के हाथों बच्चों को प्रशस्ति पत्र, शील्ड एवं उपहार स्वरूप पेंसिल बॉक्स प्रदान किया गया। कार्यक्रम में 11 वर्ष से कम आयु के 130 से अधिक बच्चों ने भाग लिया। गरियाबंद मुस्लिम जमात के सहयोग से आयोजित इस सम्मान समारोह में रोजा रखने वाले बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। इस दौरान नगर की 4 वर्षीय जारा फातिमा, जिन्होंने रमज़ान के चार रोजे रखे, उनका भी विशेष रूप से सम्मान किया गया। कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित बच्चों एवं पालकों के लिए भोजन की व्यवस्था भी की गई। मोहम्मद असलम अशरफी ने बताया कि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बच्चों का हौसला बढ़ाना और उन्हें शिक्षा के प्रति जागरूक करना है। उन्होंने पालकों से अपील करते हुए कहा कि "एक रोटी कम खाएं, लेकिन अपने बच्चों को उच्च शिक्षा जरूर दिलाएं।"

इस अवसर पर जिले एवं आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में लोग अपने बच्चों के साथ उपस्थित रहे, जिससे कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।





### तिलहन की खेती से गौतम समृद्धि की ओर

**महासमुंद।** जिले के विकासखंड सरायपाली अंतर्गत ग्राम सिरशोभा के प्रगतिशील किसान गौतम पटेल ने पारंपरिक खेती की सीमाओं को समझते हुए ग्रीष्मकालीन धान के स्थान पर तिलहन फसल सूरजमुखी की खेती अपनाकर समृद्धि की ओर है। कृषि विभाग द्वारा ग्रीष्मकालीन तिलहन उत्पादन को प्रोत्साहित करने हेतु निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। गौतम पटेल बताते है कि पूर्व में वे अपने खेत में धान की खेती करते थे, जिसमें अधिक पानी और लागत की आवश्यकता होती थी। बीते वर्ष पानी की कमी के कारण उनकी धान की फसल खराब हो गई, जिससे उन्हें आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा।

## भक्ति के रंग में रंगी धर्मनगरी

## हनुमान जन्मोत्सव पर निकली शोभायात्रा, झांकियों ने मोहा मन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

श्री हनुमान जन्मोत्सव के पावन अवसर पर पूरे शहर में श्रद्धा, भक्ति और उत्साह का अदभुत संगम देखने को मिला। इस अवसर पर सर्व हिंदु समाज एवं हनुमंत सेवा संस्थान द्वारा निकाली गई भव्य शोभायात्रा और आकर्षक झांकियों ने नगरवासियों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस शोभायात्रा में हजारों की संख्या में लोग शामिल हुए। श्रद्धालु जय श्रीराम और जय बजरंगबली के जयघोष के साथ पूरे मार्ग को भक्तिमय बना रहे थे। शोभायात्रा में भगवान श्रीराम, माता सीता, लक्ष्मण और हनुमान जी की जीवंत झांकियां विशेष आकर्षण का केंद्र रहीं। विभिन्न सामाजिक एवं धार्मिक संगठनों द्वारा प्रस्तुत झांकियों में रामायण के प्रसंगों का सजीव चित्रण किया गया, जिसे देखने के लिए मार्ग के दोनों ओर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। यात्रा शहर के प्रमुख मार्गों प्राचीन श्रीराम मंदिर से प्रारंभ होकर श्री राजीव लोचन मंदिर ,आजाद चौक, पटेलपारा तिराहा, सुभाष चौक, रेस्ट हाऊस, पंडित श्यामाचरण शुक्ल चौक, फारेस्ट नाका, बस स्टैण्ड से शिवाजी चौक होते हुए वापस बस स्टैण्ड, गोवर्धन पारा ,हटरी, महामाया मंदिर, केवटपारा, गुढीचौक होते हुए पुराना श्रीराम मंदिर परिसर में संपन्न हुई। पूरे मार्ग में जगह-जगह श्रद्धालुओं द्वारा पुष्पवर्षा कर शोभायात्रा का स्वागत किया गया तथा शीतल पेय और प्रसाद वितरण की व्यवस्था भी की गई। सुरक्षा और व्यवस्था बनाए रखने के लिए प्रशासन एवं पुलिस विभाग की विशेष व्यवस्था रही।



#### सुंदरलाल शर्मा चौक पर हुई भव्य सामूहिक आरती

स्वयंसेवकों ने भी अनुशासन बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। शोभायात्रा जब पंडित सुंदरलाल शर्मा चौक में सामुहिक आरती का आयोजन किया गया जिसमें हजारो लोग मौजूद थे। बता दें कि झांकियों में महाकाल, अघोरी झांकी के साथ ही भगवान श्रीराम, माता सीता, लक्ष्मण एवं श्री हनुमान जी के जीवन प्रसंगों का सजीव एवं मनोहारी चित्रण किया गया। कुछ झांकियों के माध्यम से समाज को स्वच्छता, शिक्षा एवं संस्कार जैसे महत्वपूर्ण संदेश भी दिए गए। कार्यक्रम में विभिन्न अखाड़ों द्वारा हैरतअंगेज शारीरिक कौशल और पारंपरिक करतबों का प्रदर्शन किया गया। युवाओं का जोश और अनुशासन देखने लायक था। इस अवसर पर राजनांदगांव से भैरवी धाम सुमिरन माई विशेष आकर्षण का केंद्र रही। इसके अलावा गौरी कृपा धुमाल ग्रुप दुर्ग, मां भगवती घंटा पार्टी उड़ीसा, श्री महाकाल अघोरी झांकी, श्री महाकाली झांकी, किंग कोंग गोरिल्ला झांकी, राजा डीजे की संगीत में प्रस्तुति के साथ ही चलित रंगोली प्रदर्शन, श्री बजरंग अखाड़ा टेकरी के राज्य स्तरीय आदिवासी लोक नृत्य दुर्गा वाहिनी एवं मातृ शक्तियों की सहभागिता रही। विशेष आकर्षण के रूप में नन्ही बालिकाओं द्वारा हनुमान चालीसा का सामूहिक एवं सुमधुर पाठ किया गया। शोभायात्रा में हजारों की संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए।



विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### भाजपा स्थापना दिवस पर मैनपुर में रैली निकाल झंडा फहराया गया

**मैनपुर।** तहसील मुख्यालय मैनपुर नगर में सोमवार को भाजपा का स्थापना दिवस धुमधाम के साथ मनाया गया। लोक निर्माण विभाग विश्राम गृह से भाजपा कार्यकर्ता पटाखे फोड़ खुशिया मनाते रैली निकाल लाल चौक पहुंचे जहां भाजपा पार्टी का झंडा फहराया गया। इस दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं में गजब का उत्साह देखने को मिला और लोगो को मिठाई वितरण किया। जिला ब्लॉक और बूथ स्तर पर आज अनेक कार्यक्रम आयोजित किए। इस अवसर पर प्रमुख रूप से पिछड़ा वर्ग मोर्चा के प्रदेश मंत्री नरोतम साहू, मंडल अध्यक्ष संतोष यादव, महामंत्री दिनेश सचदेव एवं घनश्याम मरकाम, जिला उपाध्यक्ष सरिता ठाकुर, जिला प्रशिक्षण प्रमुख योगेश शर्मा, पूर्व मंडल अध्यक्ष रामदास वैष्णव, तुलसी राठौर, मनोज निर्मलकर, जनपद सदस्य कुमारी पटेल, नंदकिशोर चौबे, वरिष्ठ कार्यकर्ता रामस्वरूप साहू, बाबूलाल साहू, गोविंद नायक, बिसेशर सिक्का, दिनेश शर्मा, यमराज ओटी, मैनपुर सरपंच हनिता नायक, हेमंत साहू, सुधीर ठाकुर, डाकेश्वर नेगी, दिलीप साहू, मोहन कुशवाहा, अजय बघेल एवं बड़ी संख्या मे भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### भाजपा के स्थापना दिवस पर संगठनात्मक एकता पर जोर

**अभनपुर।** भारतीय जनता पार्टी कार्यालय अभनपुर में पार्टी का स्थापना दिवस मनाया गया। इस अवसर पर पार्टी झंडा का ध्वजारोहण कर संगठन के प्रति समर्पण व्यक्त किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित विधायक इंद्रकुमार साहू ने सभी कार्यकर्ताओं को स्थापना दिवस की शुभकामनाएं देते हुए संगठनात्मक एकता पर बल देते हुए कहा कि भाजपा राष्ट्रहित और विकास के लिए समर्पित पार्टी है, जिसका उद्देश्य अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना है।पूर्व मंत्री चंद्रशेखर साहू ने पार्टी की विचारधारा और संगठन की मजबूती पर जोर देते हुए कार्यकर्ताओं को सक्रिय रहने का संदेश दिया।

## निधन

### श्यामाचरण दिवान

**छुईहा बेलर।** श्यामाचरण दिवान ग्राम चरौदा निवासी का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार गांव के मुक्तिधाम में किया गया जिसमें गांव के गणमान्य नागिरक शामिल हुए। वे रामायण मंडली में सक्रिय थे।



### आसबति साहू

**छुईहा बेलर।** ग्राम बेलर निवासी आसबती साहू का सोमवार को निधन हो गया।उनका अंतिम संस्कार गांव के मुक्तिधाम से निकाला गया जिसमें गांव के गणमान्य नागिरक शामिल हुए।



---

**दिवस : नवापारा भाजपा मंडल द्वारा स्थापना दिवस के अवसर पर कमल का झंडा लहराया**

# भाजपा राष्ट्र सेवा और लोकतंत्र की रक्षा के लिए बनी है : साहू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

भाजपा के 47वें स्थापना दिवस के अवसर पर नवापारा मंडल द्वारा आयोजित कार्यक्रम विधायक कार्यालय में हुआ जहां भाजपा किसान मोर्चा रायपुर जिला ग्रामीण के अध्यक्ष परदेसी राम साहू ने ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर श्री साहू ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के पहला अध्यक्ष अटल बिहारी वाजपेई ने 6 दिसंबर 1980 को मुंबई के बांद्रा स्थित समता नगर के राष्ट्रीय अधिवेशन में अपना ऐतिहासिक भाषण दिया था इस भाषण के मुख्य और महत्वपूर्ण भविष्यवाणी इस भाषण का सबसे यादगार हिस्सा वह था जब महासागर के किनारे खड़े होकर उन्होने यह भविष्यवाणी की थी कि अंधेरा छटेगा सूरज निकलेगा, और कमल खिलेगा। वाजपेई जी ने तब पार्टी के हालात को स्पष्ट किया था कि भाजपा सत्ता का खेल खेलने के लिए नहीं बल्कि राष्ट्र सेवा और लोकतंत्र की रक्षा के लिए बनी है। हम एक हाथ में भारत का संविधान और दूसरे हाथ में क्षमता का निशान लेकर मैदान में उतरेंगे श्री साहू ने कहा कि आज हमारे प्रेरणास्त्रोत वाजपेई जी ने अपने भाषण में क्षत्रपति शिवाजी महाराज के जीवन और संघर्ष से प्रेरणा लेने की बात कही थी। सामाजिक क्षमता के अग्रदूत महात्मा ज्योतिबा फुले को पार्टी का प्रतीक प्रदर्शन बताया। किसान और गरीब की चिंता उन्होंने उस समय की। कार्यकर्ताओं को जमीनी राजनीति करने का आव्हान किया था। नैतिक मूल्यों की पूणस्र्थापना और शोषण मुक्त समाज के निर्माण पर जोर दिया था। यह भाषण आज भी भाजपा के इतिहास में सबसे प्रभावशाली और प्रेरणादायक माना जाता है क्योंकि इसने एक नवगठित दल के कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा और विश्वास भर दिया था जो आज विशाल पेड़ की तरह विश्व में सबसे बड़े पार्टी के रूप में जाना जाता है। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से भाजपा मंडल अध्यक्ष नागेंद्र वर्मा, नगर पालिका अध्यक्ष ओमकुमारी-संजय साहू, उपाध्यक्ष भूपेंद्र सोनी, मुकुंद मेश्राम, भाजयुमो अध्यक्ष अंकित मेघवानी, अशोक गंगवाल, धीरज साहू, मयाराम साहू, नम्मु नारायण ध्रुव, गुलशन साहू, सिंटु सौरभ जैन, प्रेम साधवानी, चेतन साहू, राजू रजक, मुकेश निषाद, महिला मोर्चा के अध्यक्ष धनमती साहू, साधना सौरज, तनु मिश्रा, पूजा कंसारी, जीना निषाद, योगिता सिन्हा, उमा कंसारी, गीता राजपूत सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।





## भाजपा सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने का लिया संकल्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा

नगर के हृदय स्थल शीतला मंदिर प्रांगण में भारतीय जनता पार्टी का स्थापना दिवस भाजपा मंडल अध्यक्ष खोमन चंद्राकर के नेतृत्व में बड़े ही उत्साह, गरिमा एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम के दौरान पूरे प्रांगण में "भारत माता की जय" एवं "भारतीय जनता पार्टी जिंदाबाद" के जयघोष से वातावरण भक्तिमय व ऊर्जावान बना रहा। कार्यक्रम की शुरुआत विधिवत रूप से दीप प्रज्वलन एवं पार्टी के संस्थापक नेताओं के चित्र पर माल्यार्पण कर की गई। इसके पश्चात उपस्थित पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने पार्टी के गौरवशाली इतिहास, सिद्धांतों एवं राष्ट्र निर्माण में भाजपा की भूमिका को स्मरण किया। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष खोमन चंद्राकर ने अपने संबोधन में कहा कि भारतीय जनता पार्टी आज अपने स्थापना के गौरवशाली 47 वर्ष में प्रवेश कर चुकी है। उन्होंने कहा कि भाजपा केवल एक राजनीतिक दल नहीं, बल्कि राष्ट्रहित एवं जनसेवा के संकल्प के साथ कार्य करने वाला एक सशक्त संगठन है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे पार्टी की रीति-नीति एवं केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को घर-घर तक पहुंचाएं और संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत बनाएं। कार्यक्रम के दौरान वरिष्ठ पदाधिकारियों ने पार्टी की उपलब्धियों, संगठन की मजबूती एवं कार्यकर्ताओं की भूमिका पर प्रकाश डाला। साथ ही युवा कार्यकर्ताओं को संगठन से जुड़कर राष्ट्र निर्माण में भागीदारी निभाने के लिए प्रेरित किया गया। इस अवसर पर मंडल महा मंत्री रामलाल कुलदीप, तुलसी साहू, रिंकू सचदेव, हेमंत कंसारी, थानसिंह निषाद, बलराज पटेल, भोलेशंकर जायसवाल, अजय दीक्षित, गिरिवर लहरे, छोटू सोनी, नरेंद्र पटेल, संगीता दीक्षित, चित्ररेखा ध्रुव, रजनी लहरे, तोकेश्वरी मांझी, मीना चंद्राकर,कंचन सिन्हा, वेदिका वासनिक, लीना दुबे, भगवती दीवान, संतोषी साहू, हेमलता ध्रुवा एवं भाजपा मंडल के सभी पदाधिकारी, वरिष्ठ कार्यकर्ता, युवा मोर्चा एवं महिला मोर्चा के सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम के सफल आयोजन में कार्यकर्ताओं का विशेष योगदान रहा।



## जिला कार्यालय में ध्वजारोहण और संगोष्ठी का आयोजन



**भाजपा विश्व का सबसे बड़ा राजनीतिक संगठन : चंद्राकर**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

जिला मुख्यालय में सोमवार को भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस के अवसर पर जिला कार्यालय में ध्वजारोहण के साथ गरिमामय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं ने उत्साह और उमंग के साथ भाग लेते हुए संगठन के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की।इसके अलावा मंडल मुख्यालय में भाजपा का ध्वज फहराया गया वही कार्यकर्ताओ ने घरों में भी भाजपा का ध्वज लगाया जिला भाजपा कार्यालय में लाइटिंग से रोशनी की गई है इसके अलावा दीप प्रज्वलित कर मिष्ठान्न का वितरण किया गया

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष एव बिंद्रानवगढ़ विधानसभा प्रभारी नेहरू निषाद ने अपने उद्बोधन में कहा कि भारतीय जनता पार्टी एक विचारधारा आधारित संगठन है, जो राष्ट्रहित और समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास पहुंचाने के संकल्प के साथ कार्य कर रही है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे संगठन की रीति-नीति को जन-जन तक पहुँचाने में सक्रिय भूमिका निभाएं। पूर्व विधायक संतोष उपाध्याय ने कहा कि भाजपा का स्थापना दिवस केवल उत्सव का अवसर नहीं, बल्कि संगठन की मूल विचारधारा और सिद्धांतों को आत्मसात करने का दिन है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत करने पर जोर दिया। जिला अध्यक्ष अनिल चंद्राकर ने अपने संबोधन में कहा कि भाजपा विश्व का सबसे बड़ा राजनीतिक संगठन है, जिसकी ताकत उसके समर्पित कार्यकर्ता हैं। उन्होंने आगामी कार्यक्रमों को लेकर कार्यकर्ताओं को दिशा निर्देश भी दिए। कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री डॉ. आशीष शर्मा ने किया। आभार प्रदर्शन जिला महामंत्री चंद्रशेखर साहू ने किया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से सहकारिता प्रकोष्ठ प्रदेश सहसंयोजक मुरलीधर सिन्हा, जिला उपाध्यक्ष प्रीतम सिन्हा, जिला कोषाध्यक्ष अजय रोहरा, जिला मंत्री सुरेंद्र सोनटेके, नगर पालिका अध्यक्ष रिखी राम यादव, जिला पंचायत उपाध्यक्ष लालीमा ठाकुर, जिला प्रवक्ता पारस ठाकुर शिवांगी चतुर्वेदी, वरिष्ठ नेता बलदेव सिंह हुंदल, घनश्याम सिन्हा, अनूप भोसले, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष बिंदू सिन्हा, मिलेश्वरी साहू, मंडल अध्यक्ष गरियाबंद सुमित पारख, बिंद्रानावागढ़ धनराज विश्वकर्मा, जीवन एस साहू, फारुक चौधरी, रेणुका साहू, विष्णु मरकाम, तोकेश्वरी साहू, प्रहलाद ठाकुर, आसिफ मेमन, अमित वखरिया, गोविंद तिवारी सहित भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता एवं अन्य पदाधिकारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।



## गांव-गांव में लहराया कमल ध्वज विकसित भारत का लिया संकल्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर

भाजपा के स्थापना दिवस पर नगर सहित गांव- गांव में भाजपा कार्यकर्ताओं ने पूरे जोशों खरोसो के साथ कमल ध्वज फहराया। कार्यकर्ताओं ने कहा कि राष्ट्र को मजबूत करने पंडित दीनदयाल एवं श्याम प्रसाद मुखर्जी के बताए गए मार्ग पर चलकर देश को विकसित राष्ट्र बनाने के मोदी जी के सपनों का साकार करेंगे। स्थापना दिवस को लेकर जिला गरियाबंद की वरिष्ठ भाजपा नेता एवं भाजपा किसान मोर्चा छत्तीसगढ़ के प्रदेश विशेष आमंत्रित सदस्य रामू राम साहू ने अपने फिंगेश्वर निवास में भाजपा का कमल छाप का झंडा का पूजा अर्चना कर झंडा फहराया। वहीं पर भाजपा मंडल अध्यक्ष मंजू हरित ने अपने निवास में कमल ध्वज फहराया।इसी प्रकार जामगांव मे मिंजून साहू, लचकेरा मे सोसायटी अध्यक्ष कोमल ढीढी, सहित बड़ी संख्या में कमल का ध्वज लहराया। ग्राम भसेरा मे सोसायटी प्रांगण मे भाजपा के स्थापना दिवस को लेकर भाजपा जिला उपाध्यक्ष ईश्वर साहू, वरिष्ट नेता रामूराम साहू, पूर्व किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष मनीश हरित, मंडल अध्यक्ष मंजू हरित मंडल महामंत्री भुवन साहू, राकेश सिन्हा सहित दर्जनों कार्यकर्ताओं के साथ कमल का ध्वजारोहण किया गया।इसी कड़ी में वरिष्ट नेताओं ने भाजपा के स्थापना दिवस को लेकर सारगर्भित बाते कार्यकर्ताओं को बताया।









## कार्यकर्ताओं ने निजी निवासों पर फहराया ध्वज

**छुईहा बेलर।** क्षेत्र के बिजली, सेंदर, बेलर, बारूला के स्थानीय भाजपा कार्यकर्ता ने अपने निजी निवास पर पार्टी का ध्वज फहराकर संगठन के प्रति अपनी आस्था, निष्ठा और संकल्प को पुनः व्यक्त किया। पूर्व सरपंच जिला निषाद समाज अध्यक्ष मोती राम निषाद, भाजपा किसान मोर्चा मंत्री रामाधार साहू सेंदर, सरपंच संघ उपाध्यक्ष सुकदेव साहू बारूला, खोमन साहू बेलर, गजेश्वर सिन्हा छुईहा ने निज निवास छत पर भाजपा झंडा फहराया। इस अवसर पर भाजपा कार्यकर्ताओ ने अपने संदेश में कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने राष्ट्रीय सुरक्षा को सुदृढ़ करने, जनकल्याणकारी योजनाओं को प्रभावी रूप से लागू करने और विकासोन्मुखी एजेंडे के माध्यम से देश को नई दिशा देने का कार्य किया है। उन्होंने आगे कहा कि कार्यकर्ता स्तर पर सतत जनसंपर्क और संवाद ही पार्टी की विचारधारा को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का सशक्त माध्यम है। इसी उद्देश्य के साथ वे निरंतर क्षेत्र में सक्रिय रहकर भाजपा संगठन को मजबूत बनाने और जनता की समस्याओं के समाधान के लिए प्रतिबद्ध हैं।



## कार्यकर्ताओं ने फहराया कमल ध्वज संगठन की मजबूती का लिया संकल्प



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रसेला

सोमवार 6 अप्रैल को भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस के अवसर पर मलेवा अंचल भाजपा मंडल के कार्यकताओं और नेताओं द्वारा उत्साह के साथ साथ घर घर झंडा फहराया गया। भाजपा ने अपना 47 वा स्थापना दिवस मनाया,जिसे लेकर मलेवा अंचल भाजपा मंडल के कार्यकताओं ने अपने घरों पर पार्टी का झंडा फहराया। इस अभियान के माध्यम से भाजपा ने अपनी राष्ट्रवादी विचारधारा को उजागर किया और कार्यकर्ताओं से जन जन तक जुड़ने का आह्वान किया। स्थापना दिवस के मौके पर मलेवा अंचल भाजपा मंडल के सभी बूथों पर बूथ अध्यक्षों ने पार्टी का ध्वज फहराया। इसके अतिरिक्त, मंडल अध्यक्ष, मंडल पदाधिकारियों, पंचायतों अध्यक्षों और वरिष्ठ कार्यकर्ताओं ने अपने अपने घरों पर भी भाजपा का झंडा लगाकर संगठन के प्रति अपनी निष्ठा प्रदर्शित की। प्रदेश कार्यकारिणी समिति के सदस्य और पूर्व जिला अध्यक्ष राजेश साहू ने इस अवसर पर कहा कि भारतीय जनता पार्टी आज विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी बन चुकी है। उन्होंने इस उपलब्धि का श्रेय कार्यकताओं की कड़ी मेहनत, समर्पण और अनुशासन को दिया। इस मौके पर मंडल अध्यक्ष शिवशंकर जयसवाल ने कार्यकर्ताओं से बूथ स्तर तक संगठन को और अधिक मजबूत करने का आह्वान किया। मंडल के महामंत्री नारायण सिन्हा ने कहा कि स्थापना दिवस पार्टी के मूल सिद्धांतो ,राष्ट् सेवा और समर्पण की भावना को याद करने का महत्वपूर्ण अवसर है। कार्यक्रम के दौरान कार्यकर्ताओं में विशेष उत्साह देखा गया। सभी ने एकजुट होकर पार्टी को और सशक्त बनाने का संकल्प दोहराया। इस दौरान श्यामलाल सोरी, टंकेश्वर सोरी, रोहित जगत, कुशल ध्रुव, सुरेश राम, राजेश कुंजाम, सुरेन्द्र ठाकुर,कनस राम निषाद, टेशराम ध्रुव, हेमचंद सहित सभी कार्यकर्ताओं उपस्थित थे।

---

**वैदिक मंत्रोच्चार और भंडारे के साथ पूर्ण हुई आहुतियां**

# मौरीकला में पांच दिवसीय श्रीमद लक्ष्मीनारायण महायज्ञ का समापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

मौरीकला में महंत उमेशानंद गिरी के सानिध्य में आयोजित पांच दिवसीय श्रीमद लक्ष्मीनारायण महायज्ञ का समापन सोमवार को हुआ। इस धार्मिक आयोजन के समापन अवसर पर हवन-पूर्णाहुति देने बड़ी संख्या में क्षेत्र के लोग व ग्रामवासी शामिल हुए। महायज्ञ के दौरान विद्वान पंडितों के मंत्रोच्चार के बीच विधि-विधान से हवन व पूजा संपन्न कराई गई। भक्ति, श्रद्धा एवं वैदिक अनुष्ठानों के मध्य अत्यंत श्रद्धापूर्वक यहां कार्यक्रम हुआ। वेदमंत्रों की गूंज के साथ वातावरण पूरी तरह से भक्तिमय नजर आया। पूरे पांच दिनों तक यहां भजन-कीर्तन एवं धार्मिक कार्यक्रमों का क्रम चलता रहा। लोग अपने पूरे परिवार के साथ इस आयोजन में शामिल होने पहुंचे। रात्रि में सांस्कृतिक एवं भक्ति कार्यक्रमों में स्थानीय मंडलियों द्वारा भजन-कीर्तन एवं प्रस्तुति दी गई। श्रद्धालुओं के लिए यहां विशाल भोजन भंडारे की व्यवस्था की गई थी। इस महायज्ञ में गणेशानंद महाराज (एमपी मंडल), महंत सत्यानंद गिरी महाराज, बालाजी माहेश्वरानंद गिरी महाराज, मारुति गिरी महाराज, भीम गिरी महाराज, गोकुल गिरी महाराज, रेवा गिरी महाराज सहित वृंदावन, मथुरा, अमरकंटक एवं वाराणसी से पधारे अनेक साधु-संतों का पावन सान्निध्य प्राप्त हुआ। संतों के आगमन से यज्ञ स्थल की आध्यात्मिक गरिमा और अधिक बढ़ गई तथा श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखने को मिला।





### ग्रामवासियों का सराहनीय योगदान

आयोजन में गुरु-शिष्यगण एवं यजमानों के रूप में ताराचंद, अरविंद तेजेश, क्रांति, राजेन्द्र, गीता, प्रसाद, रोशन, शिवानंद, इंदु, डॉ. चंद्रहास साहू, भूपेन्द्र सहित अनेक श्रद्धालुओं की सहभागिता रही। इसके अतिरिक्त आयोजन में ग्राम मौरीकला के सरपंच वीणा रोहित साहू, तुलेन्द्र साहू, रीकेश निषाद, सावंत साहू, उमेश साहू, उसराम, पवन साहू, विमल, घनश्याम, टीकाराम, भागी, महेन्द्र, कामता, जगदीश, कृष्ण निषाद, ओंकार साहू, देव कुमार, शिव साहू, टिकेश्वर, सोमनाथ, ठामेश्वर, हितेश, रामबरन, यादराम, जितेंद्र, नागेश्वर, रामगुलाल, विशंभर, भानु, मिथलेश, वोकेश, राजेश्वर, बोधी, बिसरू सहित समस्त ग्रामवासियों का सराहनीय योगदान रहा। यज्ञाचार्य पंडित मुकेश दीक्षित महाराज एवं सहयोगी ऋत्विक पंडित गजेंद्र शर्मा महाराज, पंडित श्रवण शर्मा महाराज एवं पंडित हेमंत महाराज द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ हवन पूणार्हुति विधिवत सम्पन्न कराई गई।

